# प्रेस नोट

**विशेष अभियान जनपद कानपुर देहात**

**दिनांक-20.07.2025**

- **पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा पशु तस्करी और अवैध गोकशी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाया गया विशेष सत्यापन अभियान।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जनपद कानपुर देहात, श्री अरविन्द मिश्र के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस ने दिनांक 20.07.2025 को जिले में पशु तस्करी और अवैध गोकशी की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज एक विशेष गोकश सत्यापन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों वाले स्थानों एवं व्यक्तियों की गहन जाँच की गई तथा गोकशों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध गतिविधियों को रोकना, पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस अभियान के तहत, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और स्थानों की गहन जांच की। सत्यापन प्रक्रिया में पुलिस ने स्थानीय समुदाय, पशुपालकों, ग्राम प्रधानों और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया। इस दौरान गोकशों की पहचान, उनके दस्तावेजों का सत्यापन और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की गई। अभियान में विशेष ध्यान उन क्षेत्रों पर दिया गया, जहां से पशु तस्करी और अवैध गोकशी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात, श्री अरविन्द मिश्र ने बताया कि, “पशु तस्करी और अवैध गोकशी जैसी गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और पशुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा हैं। इस अभियान के माध्यम से हमारा लक्ष्य ऐसी गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त करना है। जनपदीय पुलिस इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।”